# भारतीय रिज़र्व बैंक
# प्रारंभिक ऑनलाईन परीक्षा - सहायक की भर्ती - पैनल वर्ष 2025

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं के विवरण और संबंधित मामलों के बारे में महत्वपूर्ण अनुदेश दिए गए हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पी टेस्ट होंगे:

| क्र.सं. | टेस्ट के नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | अंग्रेजी | 20 मिनट |
| 2. | अंकीय योग्यता | 35 | 35 | * | 20 मिनट |
| 3. | तार्किक योग्यता | 35 | 35 | * | 20 मिनट |
| **कुल** | | **100** | **100** | | **60 मिनट** |

*** ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम के रूप में उपलब्ध भाषाओं की सूची**

| क्र.सं. | भर्ती कार्यालय | परीक्षा का माध्यम |
|---|---|---|
| 1. | अहमदाबाद | अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती |
| 2. | बैंगलुरू | अंग्रेजी, हिन्दी, कन्नड़ और कोंकणी |
| 3. | भोपाल | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 4. | भुवनेश्वर | अंग्रेजी, हिन्दी और ओडिया |
| 5. | चंडीगढ | अंग्रेजी, हिन्दी और पंजाबी |
| 6. | चेन्नई | अंग्रेजी, हिन्दी और तमिल |
| 7. | गुवाहाटी | अंग्रेजी, हिन्दी, असमी, मणिपुरी और बंगाली |
| 8. | हैदराबाद | अंग्रेजी, हिन्दी, तेलगु और उर्दू |
| 9. | जयपुर | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 10. | जम्मू | अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू |
| 11. | कानपुर और लखनऊ | अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू |
| 12. | कोलकाता | अंग्रेजी, हिन्दी और बंगाली |
| 13. | मुंबई | अंग्रेजी, हिन्दी, मराठी और कोंकणी |
| 14. | नागपुर | अंग्रेजी, हिन्दी और मराठी |
| 15. | नई दिल्ली | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 16. | पटना | अंग्रेजी और हिन्दी |
| 17. | तिरुवनंतपुरम | अंग्रेजी, हिन्दी और मलयालम |

**परीक्षाओं का माध्यम अंग्रेजी तथा संबंधित कार्यालय (जिसके अंतर्गत आवेदन किया गया है) में लागू भाषा होगी। प्रश्न अंग्रेजी तथा चयनित भाषा, जो संबंधित कार्यालय में लागू है, में प्रदर्शित होंगे।**

**अंग्रेजी और अनूदित माध्यम/ भाषा के बीच कोई विसंगति होने की स्थिति में अनूदित माध्यम/ भाषा को संदर्भ माना जाएगा और अंग्रेजी माध्यम को वरीयता दी जाएगी ।**

टेस्ट के लिए कुल समय 60 मिनट है; तथापि लागिंग इन, कॉल लैटर संग्रहण, अनुदेश पढ़ने आदि के लिए आवश्यक समय सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 120 मिनट रहना पड़ सकता है। प्रत्येक टेस्ट के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। उम्मीदवार केवल उस टेस्ट के लिए आवंटित समय के भीतर उस टेस्ट के प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्न बहुविकल्पी होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उस पर 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। आपके द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड लगाया जाएगा। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाएंगे:

i. गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।
ii. समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई हो, का ध्यान रखने के लिए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

   *उम्मीदवार द्वारा किसी भी टेस्ट में प्राप्त अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

iii. प्रत्येक टेस्ट एवं परीक्षा में कुल अंकों को दशमलव बिंदु सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

नोट : कट ऑफ दो चरणों में लागू होते हैं:

(i) अलग-अलग टेस्ट के अंकों पर
(ii) कुल अंकों पर

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं और संपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ अथवा सभी प्रकार के प्रश्न अधिक कठिनाई स्तर के प्राप्त होंगे और साथ ही प्रश्न अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका यहाँ वर्णन नहीं किया गया है।**

नमूने के रूप में कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

### अंग्रेजी भाषा

इस टेस्ट का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**प्र.1-2. Directions:** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully**.**

**Q.1.** He quickly glanced ............................ the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**Q.2.** The counsel urged the court to .......................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3-4. Directions:** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is (5).

**Q.3.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**Q.4.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

## अंकीय योग्यता

यह टेस्ट संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है।

**प्र.1-3. निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में आपको यह ज्ञात करना है कि प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आयेगा ।

**प्र.1.** 42 + 73 + 137 = ?
(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2**. 0.7 × 0.5 = ?
(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/-रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## तार्किक योग्यता

यह टेस्ट यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं।

**प्र.1.** **निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षरसमूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।
(1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?
(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) तोखडा (5) बोपरी

**प्र.3.** **निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये ।
चरण : मनुष्य : : खुर : ?
(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.4.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.5.** यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

### [क] ऑनलाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण:

**(1)** परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर आयोजित की जाएगी।

**(2)** परीक्षाओं का माध्यम अंग्रेजी तथा संबंधित कार्यालय (जिसके अंतर्गत आवेदन किया गया है) में लागू भाषा होगी। प्रश्न अंग्रेजी तथा चयनित भाषा, जो संबंधित कार्यालय में लागू है, में प्रदर्शित होंगे।

**(3)** सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार को सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंतिम मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सबमिट किया हो।**

**(4)** सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दाहिने कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए टेस्ट पूरा करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पर समय समाप्त होने पर परीक्षा स्वतः समाप्त हो जाती है - आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

**(5)** स्क्रीन पर दाहिनी तरफ प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है:

 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने प्रश्न को फिर से देखने के लिए सेट किया है। *पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर को अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा।*

**(6)** उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दाहिनी तरफ प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे पुनर्विचार के लिए चिन्हित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

**(7)** अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

**(8)** अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

**(9)** अपना उत्तर सेव करने के लिए आप **Save & Next** पर क्लिक कीजिए।

**(10)** चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

**(11)** प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए। *पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

**(12)** किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

**(13)** **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review)' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा।**

**(14)** टेस्ट का नाम स्क्रीन के शीर्ष बार पर प्रदर्शित किया जाएगा। आपके जिस टेस्ट को देख रहे होगे उसे हाइलाइट किया जाएगा।

**(15)** किसी टेस्ट के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन पर क्लिक करने के बाद, आपको उस टेस्ट के लिए आवंटित समय बीतने के बाद ही (अगले) टेस्ट के पहले प्रश्न पर ले जाया जाएगा।

**(16)** आप परीक्षा के दौरान टेस्ट के बीच शफल नहीं कर सकते क्योंकि सभी टेस्ट के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है।

**(17)** उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के अनुदेशों का ध्यान से पालन करें। यदि कोई उम्मीदवार अनुदेशों/नियमों का पालन नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार आरबीआई द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित किए जाने के लिए उत्तरदायी होगा।

**(18)** उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं अथवा प्रश्नों का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

**(19)** किसी टेस्ट को आवंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उम्मीदवार के उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे, भले ही उसने "सबमिट" बटन पर क्लिक नहीं किया हो।

**(20)** **कृपया नोट करें:**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा।**

**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

**[ख] सामान्य अनुदेश:**

**(1)** कृपया कॉल लैटर में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें।

**(2)** परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप **समय पर** (जैसा कि कॉल लैटर पर मुद्रित है) रिपोर्ट कर सकें। देर से आने वालों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(3)** आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर कॉल लैटर अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाएं। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो)।

**(4)** परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और आरबीआई प्रतिनिधि के अनुदेशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप अनुदेशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

**(5)** परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोट्स, सेल फोन (कैमरा वाले या बिना कैमरा वाले) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक डिवाइस के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(6)** आपके अपने फोटोग्राफ को इस कॉल लैटर पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकॉपी साथ लाएं - यह अनिवार्य है। कृपया कॉल लैटर तथा पहचान प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में अन्वीक्षक को सौंप दें। वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ युक्त वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। स्टाफ उम्मीदवारों को आरबीआई पहचान पत्र और उसकी फोटोकॉपी लानी होगी।** कृपया ध्यान दें कि कॉल लैटर पर प्रदर्शित आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिए नाम से पूरी तरह मेल खाना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इसका विशेष ध्यान दें। यदि कॉल लैटर में तथा फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नामों में कोई भी असमानता पाई गई तो आपको परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों ने अपना नाम बदल लिया है, उन्हें केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे राजपत्र अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे।

**(7)** बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है । इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

**(8)** फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

**(9)** सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों (उत्तरों) का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते पाए गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ आरबीआई उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

**(10)** आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों पर आप पुनर्विचार (Review) करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ कार्य करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, कॉल लैटर के साथ अन्वीक्षक को सौंप देना है।

**(11)** परीक्षा के संचालन में कुछ समस्या होने की संभावना से पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन को प्रभावित कर सकती है और/अथवा परिणाम तैयार करने में कठिनाई पैदा कर सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमेंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित

प्रक्रिया में उम्मीदवारों के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

**(12)** सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों के कठिनाई स्तर में थोड़े से भी अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के अंकों को समीकृत किया जाएगा। किसी केन्द्र पर यदि नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या उम्मीदवार के लिए कोई तकनीकी व्यवधान आ जाता है, तो एक से अधिक सत्र आवश्यक हो सकते हैं।

**(13)** कृपया ध्यान दें कि एक उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा में केवल एक बार उपस्थित होने की अनुमति है। ऑनलाइन परीक्षा में कई बार उपस्थित होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि एक से अधिक कॉल लैटर जेनरेट किए गए हैं, तो उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संबंधित कॉल लैटर पर उल्लिखित तारीख और समय पर केवल एक बार उपस्थित हों। अन्य सभी कॉल लैटर वापस कर दिए जाएं।

**(14)** परीक्षा की विषय-वस्तु या उसकी किसी अन्य जानकारी को पूरा या उसके किसी भाग को किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, मौखिक या लिखित, इलैक्ट्रॉनिक या मैकैनिकल माध्यम से प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुन: प्रस्तुत करने, प्रसार करने, एकत्र करने या प्रसार और एकत्र करने में सहायता करने वाले या परीक्षा हॉल में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा विषय-वस्तु के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

**(15)** चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे आरबीआई की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलों का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है, तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाएगा।

**(16)** उम्मीदवार के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा केंद्र के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

**(17)** परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवारों को अनुमत सामग्री

**उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर केवल कुछ निश्चित सामग्री लाने की अनुमति होगी**

**क. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/ काला)**

**ख. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (कॉल लैटर तथा उसके साथ पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी स्टेपल हो, मूल पहचान प्रमाणपत्र)**

**ग.  स्क्राइब वाले उम्मीदवारों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

**परीक्षा केंद्र के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

**(18)** उम्मीदवार को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

**(19)** उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर दिए गए अनुदेशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

**(20)** परीक्षा पूर्ण होने पर उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र स्टाफ के निर्देशानुसार भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

**(21)** उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे "लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024" देखें।

**शुभकामनाएं !**